ARNEWS TIMES.IN

पेट्रोल डीजल से नहीं अब हवा से चलेगी बाइक, लखनऊ के एसएमएस कॉलेज की खोज, सरकार ने दी मंजूरी

By **AR News Times** - August 7, 2020

पेट्रोल डीजल के बाद अब सड़कों पर हवा से चलने वाली बाइक भी दौड़ेगी। जी हां ये कमाल डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से संबद्ध राजधानी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने

कर दिखाया है। कॉलेज के महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हवा से चलने वाली इंजिन(मोटर बाइक) के लिये 10 वर्षो के लगातार प्रयास व विश्व के अनुशंधानो के परीक्षणोपरांत वाणिज्यक उपयोग के लिए पेटेंट, भारत सरकार की ओर से जारी कर दिया गया है।



INTELLECTUAL PROPERTY INDIA
PATENTS | DESIGNS | TRADE MARKS
GEOGRAPHICAL INDICATIONS

सत्यमेव जयते

क्रमांक : 011124995
SL No :

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
पेटेंट कार्यालय
THE PATENT OFFICE
पेटेंट प्रमाणपत्र
PATENT CERTIFICATE
(Rule 74 Of The Patents Rules)

पेटेंट सं. / Patent No.	:	342731
आवेदन सं. / Application No.	:	2412/DEL/2010
फाइल करने की तारीख / Date of Filing	:	08/10/2010
पेटेंटी / Patentee	:	1.BHARAT RAJ SINGH 2.ONKAR SINGH

प्रमाणित किया जाता है कि पेटेंटी को उपरोक्त आवेदन में यथाप्रकटित "ROTARY & VANE TYPE AIR ENGINE" नामक आविष्कार के लिए, पेटेंट अधिनियम, १९७० के उपबंधों के अनुसार आज तारीख 8th day of October 2010 से बीस वर्ष की अवधि के लिए पेटेंट अनुदत्त किया गया है।

It is hereby certified that a patent has been granted to the patentee for an invention entitled "ROTARY & VANE TYPE AIR ENGINE" as disclosed in the above mentioned application for the term of 20 years from the 8th day of October 2010 in accordance with the provisions of the Patents Act,1970.

अनुदान की तारीख : 28/07/2020
Date of Grant :

पेटेंट नियंत्रक
Controller of Patent

टिप्पणी - इस पेटेंट के नवीकरण के लिए फीस, यदि इसे बनाए रखा जाना है, **8th day of October 2012**को और उसके पश्चात प्रत्येक वर्ष मे उसी दिन देय होगी।

Note. - The fees for renewal of this patent, if it is to be maintained will fall / has fallen due on **8th day of October 2012** and on the same day in every year thereafter.

डा. भरत राज सिंह ने बताया कि अब वह भारत मे स्थापित कम्पनियो जैसे बजाज, होंन्डा, रोयल-इन-फील्ड, महिंद्रा व महिंद्रा तथा टाटा आदि से सम्पर्क कर जन-आकांक्षाओ के अनुरूप हवा से चलने वाली मोटर-बाइक को यथाशीघ्र प्रक्षेपित करायेंगे। प्रो. सिंह ने यह भी बताया कि उनके इस शोध को विश्वस्तर पर एक बड़ी उप्लब्धि के रूप में सराहना प्राप्त हुई है । वह इस कार्य के लिए अपनी पत्नी मालती सिंह व परिवार के साथ डा. ओंकार सिंह व प्रो दुर्ग सिह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

****